# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

01.06.2024 समय : 1850

- चार जून को होने वाली मतगणना और श्रोताओं तक मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा।

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य और देखभाल केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- मध्योत्तर अंडमान ज़िले में आज ज़िला उपायुक्त कार्यालय के अलावा राजस्व विभाग के अधीन अन्य कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया।

- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान जिले में आज से मुंह और खुर की बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाली मतगणना और श्रोताओं तक मतगणना की ताजा जानकारी पहुंचाने के लिए आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से विशेष समाचार बुलेटिन का प्रसारण होगा। चार जून को सुबह साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे, साढ़े ग्यारह, साढ़े बारह, दिन में डेढ़ बजे के बाद शाम तीन बजे, चार बजे, पांच बजे, साढ़े छः बजे, सात बजकर पैंतालीस मिनट पर और साढ़े आठ बजे के बाद भी यदि मतगणना का कार्य पूरा नहीं हुआ, तो रात्रि साढ़े नौ बजे, साढ़े दस बजे के बाद भी मतगणना की समाप्ति तक विशेष चुनाव समाचार बुलेटिन जारी रहेगा। यह प्रसारण मीडियम वेव छः सौ चौरासी किलोहट्र्ज के अलावा एफ.एम 100.9 पर भी उपलब्ध रहेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में अक्षय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अक्षय ऊर्जा परियोजना के आंकलन, उसके डिजाइन, संचालन और छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने के लिए विभिन्न बिंदुओं से उन्हें अवगत कराना था। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए ऊर्जा सचिव रंजना देशवाल ने कहा कि सरकार दो हजार तीस तक पांच सौ गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंडमान निकोबार प्रशासन द्वीपों में स्वच्छ और सुरक्षित ऊर्जा के लिए अग्रिम प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल पर काम कर रहा है। इस तरह की कार्यशाला इस दिशा में काफी लाभकारी होगा। नए और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के उप–सचिव दिव्यांशु झा ने हाल ही में शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह योजना छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने तथा एक करोड़ घरों को तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। द्वीपसमूह को हरा–भरा बनाए रखने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। विद्युत विभाग की अधीक्षण अभियंता माधुरी शुक्ला ने छत के ऊपर सौर ऊर्जा स्थापित करने और उपभोक्ताओं के कौशल विकास के महत्व पर जानकारी दी। कई अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागियों में प्रमाणपत्रों का भी वितरण किया गया।

<><><><><><><>

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर कल द्वीपसमूह के सभी स्वास्थ्य और देखभाल केन्द्रों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम पुलिस प्रशिक्षण स्कूल प्रातरापुर में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध के नोडल अधिकारी डॉ. सत्याजित हलदार ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। उप–निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अविजित रॉय ने बच्चों को तम्बाकू उद्योग से बचाने पर अपने विचार रखे। दंत सर्जन डॉ. संजीव जयचंद ने तम्बाकू के सेवन से मौखिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर की जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के उप–प्रधानाचार्य एम.के शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िले में आज ज़िला उपायुक्त कार्यालय के अलावा राजस्व विभाग के अधीन अन्य कार्यालयों में सफाई अभियान चलाया गया। ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। पहलगांव और चेनपुर ग्राम पंचायतों का दौरा कर स्वच्छ पंचायत अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। स्थानीय निवासियों से मुलाकात की गई और उनसे इस अभियान में शामिल होने का अनुरोध किया गया। ज़िला उपा्युक्त ने  व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर जानकारी देते हुए चल रही ढांचागत परियोजनाओं की जानकारी हासिल की। पंचायतों के प्रधान और पंचायत सचिवों ने कार्यों की प्रगति की जानकारी दी।

<><><><><><>

राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान जिले में आज से मुंह और खुर की बीमारी की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान की शुरूआत हुई। एक माह तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मुंह और खुर की बीमारी से लड़ने के लिए पशुओं को टीका लगाया जाएगा। उन्हें टैग किया जाएगा और पशुधन पोर्टल में उनका पंजीकरण होगा। पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग टीकाकरण टीम को किसानों के घरों तक भेजेगा। सभी किसानों और पशुधन मालिकों से टीकाकरण टीम के साथ सहयोग करने को कहा गया है। उनकी भागीदारी से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकेगा। टीकारण पशुओं को न सिर्फ मुंह और खुर की बीमारी से बचाता है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और पशुओं की देखभाल में सहयोगी भी होता है।

<><><><><><>

मानव–मगरमच्छ संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग की दक्षिण अंडमान संभाग द्वारा कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। टुसनाबाद, रामनगर, कैडलगंज, सोना पहाड़, फरारगंज, शैतानखाड़ी, मथुरा और अलीपुर गांव में कल आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों और मछुआरों से मांस–मछलियों के अवशेष नाला या खाड़ियों में न डालने को कहा गया, क्योंकि इससे मगरमच्छ आकर्षित होते हैं। बारिश के कारण नालों में जल जमावड़े की स्थिति में मगरमच्छ के गांव के नजदीक आने की संभावना बढ़ जाती है और इससे मानव–मगरमच्छ संघर्ष की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आम जनता से ऐसे बाढ़ वाले क्षेत्रों से दूर रहने और पशुओं को नालों आदि के नजदीक चारागाह के लिए न छोड़ने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार तीन जून की दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा तीन जून को शाम तीन बजे से चार बजे के बीच निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को दिन में दो बजे रिपोर्ट करने को कहा गया है।

इस बीच, डीब्रेट और डिगलीपुर के राजकीय पॉलिटेक्निक में अकादमिक सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए डिप्लोमा और ट्रेड डिप्लोमा के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे जा रहे हैं। डीब्रेट में डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए सिविल इंजीनियरिंग,

इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मेकानिकल इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग और होटल मैनेजमेंट के अलावा ट्रेड डिप्लोमा में फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन तथा फुड प्रोडक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं। राजकीय पॉलिटेक्निक में सिविल इंजीनियरिंग और कम्प्यूटर इंजीनियरिंग के लिए भी आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर चौबीस जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार सभी कार्य दिवसों में सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक दिए गए फोन नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के कुछ भागों में भारी वर्षा हुई। हटबे में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक तिहत्तर दशमलव एक मिलीमीटर वर्षा हुई। पोर्ट ब्लेयर में साठ दशमलव नौ, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में इक्कतीस दशमलव चार, लांग आइलैंड में उन्नीस दशमलव दो और मायाबंदर में पांच मिलीमीटर वर्षा हुई। सात जून तक मौसम संबंधी कोई विशेष चेतावनी नहीं है।

<><><><><><><>